गांव सरूण्ड में एक माह से पेयजल की किल्लत

- जलदाय विभाग व सरपंच को अवगत करवाने के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई
- नलकूप का जल स्तर गहरा होने से पेयजल की आपूर्ति नहीं हो रही है

कोटपूतली, (निसं)। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत सरुण्ड में ग्रामीणों को विगत एक माह से पेयजल की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है।

जहां पर पेयजल के लिए पानी की टंकी बनी हुई है लेकिन नलकूप का जल स्तर गहरा होने से पेयजल की आपूर्ति नहीं हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि जलदाय विभाग व सरपंच को बार-बार अवगत करवाने के बाद भी लापरवाही के चलते पानी की सप्लाई नहीं कर पा रहे हैं। ग्रामीण लोकेश सिंह तंवर, समाजसेवी रामनारायण विजयवर्गीय, विकास सिंह आदि ने बताया कि पिछले एक माह से गांव में पेयजल की समस्या चल रही है, लेकिन ना तो जलदाय विभाग ध्यान दे रहा है एवं ना ही ग्राम पंचायत ध्यान दे रही है।

ग्रामीणों ने बताया कि मजबूरी में पानी का टैंकर मंगवाना पड़ रहा है, ऐसे में आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। इसके अलावा लोगों को करीब एक किलोमीटर दूर मन्दिर की टंकी से पानी लाना पड़ता है। इस सम्बंध में जलदाय विभाग जेईएन दयाराम जाट का कहना है कि सरुण्ड में नलकूप का जल स्तर गहरा हो जाने से समस्या बनी हुई है। पुराने नलकूप को ओर गहरा करवा दिया गया है एवं नया नलकूप भी करवाया गया है। जल्द ही इनमें मोटर डलवाकर पेयजल व्यवस्था सुचारू करवाई जाएगी।

पेयजल के लिए टैंकर के पीछे महिलाओं की लाइन लग गई।

जल बचाओ की शपथ दिलाई

पावटा, (निसं)। आजादी के 75वें अमृत महोत्सव पर विगत 148 दिनों से चल रही पानी, किसानी, जवानी संवेदना यात्रा प्रभाती देवी प्रभु दयाल अग्रवाल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भौनावास पावटा पहुंची। समस्त शिक्षकों विद्यार्थियों व ग्रामीणों ने मिलकर टीम यात्रा का अभिनंदन कर यात्रा के विवरण को जाना व समझा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि किशनलाल यादव गुरुजी ने कहा कि सभी विद्यार्थियों को प्रकृति के साथ सॉफ्ट कॉर्नर रखना चाहिए। जीवन में छोटे-छोटे सुधार करने पर ही चरित्र व अनुशासन सीख सकते हैं। कार्यक्रम अध्यक्ष रामेश्वर बाजिया रिटायर्ड सीआई ने कहा कि हमें भौनावास के सभी प्राकृतिक जल स्त्रोतों को ढूंढ कर उनके संरक्षण के लिए काम करना होगा। इस दौरान सभी विद्यार्थियों ने रैली निकालते हुए नारे लगाते हुए जन जागरूकता पैदा की। इस यात्रा कार्यक्रम में स्कूल प्रभारी मुकेश यादव, उदय सिंह बाजिया, धीरज सिंह शेखावत, संतोष शर्मा अमर सिंह मीणा सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

संक्षिप्त

प्रधान को धमकी देने वाला गिरफ्तार

बौंली, (निसं)। पंचायत समिति बौंली के प्रधान कृष्ण पोसवाल को मोबाइल से जान से मारने की धमकी देकर भारी रकम मांगने के आरोपी अविनाश उर्फ राजू पंडित निवासी लोरवाडा सूरवाल को बौंली पुलिस ने जयपुर से गिरफ्तार किया है। सर्किल इंस्पेक्टर कुसुमलता मीणा ने बताया कि बौंली पंचायत समिति प्रधान कृष्ण पोसवाल ने बौंली थाने में मुकदमा नंबर 16 / 023 दर्ज करा कर अवगत कराया था कि मुझे अविनाश उर्फ राजू पंडित ने जान से मारने की धमकी देकर भारी रकम देने की मांग की है। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर अविनाश उर्फ राजू पंडित को 1 फरवरी बुधवार को जयपुर से गिरफ्तार किया है एवं इस मामले में अनुसंधान जारी है।

वार्षिकोत्सव में प्रतिभाओं का सम्मान

निवाई, (निसं)। राजकीय महात्मा गांधी विद्यालय राहोली में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की छत्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृति कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई एवं विभिन्न प्रकार की प्रेरणादायक एवं देश भक्ति से ओत प्रोत झांकियां सजाई गई। कार्यक्रम में अथितियों द्वारा विद्यालय की प्रतिभावान बालिकाओं को प्रशंसा पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान विद्यालय परिवार द्वारा सभी अतिथियों का माला पहनाकर व साफा पहनाकर स्वागत किया गया।

लापता हुए बच्चे को परिजनों को सौंपा

टोंक, (निसं)। कोतवाली थाना क्षेत्र में शहर के मैहन्दी बाग निवासी श्याम साहू का पुत्र लापता होने के बाद परिजनों सहित पुलिस में हलचल मच गई। श्याम पुत्र द्वारका साहू (37) ने कोताली में रिपोर्ट कर बताया कि उसका बच्चा तनिश साहू पुत्र श्याम साहू (13) वर्ष निवासी मैहन्दी बाग ऋषि किड्स स्कूल में कक्षा 7 का छात्र है, जो सुबह होमवर्क की कापी लेने गया था लेकिन अभी तक भी घर नहीं लौटा है। पुलिस ने बड़ी मेहनत के बाद बालक को तलाश कर परिजनो को सौंप दिया है।

स्वतंत्रता सेनानी की पुण्यतिथि मनाई

श्रीमाधोपुर, (निसं)। स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय बालूराम सैनी की तीसरी पुण्यतिथि गुरुवार को पुष्प चढ़ाकर मनाई गई। इस अवसर पर सैनी कृषि फार्म हाउस पुष्प नगर श्रीमाधोपुर पर उपस्थित हरिशंकर ,उदयशंकर ,कैलाश सैनी, दिनेश सैनी, हेमंत सैनी आदि ने बताया की आगे भी हर साल पुण्यतिथि मनाई जाएगी।

सार-समाचार

नेहरू पार्क में सौ फीट ऊंचा झंडा फहराया

टोंक, (निसं)। शहर के नेहरू पार्क में सौ फीट का ऊंचे झंडे का शुभारंभ सभापति अली अहमद द्वारा फीता काट कर किया गया। सभापति अली अहमद ने इस मौके पर सभी टोंक वासियों को मुबारकबाद देते हुये कहा कि यह शहर वासियों के लिए बड़ी सौगात है। इसके लिए टोंक विधायक सचिन पायलट का भी उन्होंने धन्यवाद दिया। सभापति ने कहा कि पार्क में आने वाले लोगों को इसे देखकर देशभक्ति व राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत होगी साथ ही तिरंगे झंडे को देखकर लोगों के मन में अपने देश के लिए कुछ कर गुजारने का जज्बा पैदा होगा। इस दौरान उप-सभापति बजरंगलाल वर्मा, हाजी शब्बीर अहमद, राहुल सैनी, अकील अहमद, मो. युसुफउद्दीन, रमेश महावर, अब्दुल मुजीब, हकीकत हसन, अमर सौदा, मो. यासीन, विकास लोदी, हरेंद्र सिंह, कजोड मल बैरवा सहित फिरोज नागौरी, मुजाहिद, सै. मेहमूद शाह, सलीमुद्दीन खां एवं दिनेश चौरासिया आदि मौजूद रहे।

गरीब बच्चों को स्वेटर बांटे

लवाण, (निसं)। क्षेत्र के खानवास पीईईओ के अधीनस्थ राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय जगसहायपुरा में गुरुवार को स्वेटर वितरित किये गए। इन स्वेटरों का वितरण स्थानीय विद्यालय में कार्यरत अध्यापिका मंजू सैनी व उनके पति रतन लाल सैनी द्वारा अपने बच्चे के जन्मदिवस के उपलक्ष पर किया गया। स्कूल में स्थानीय विद्यालय में अध्ययनरत 75 बच्चों को सर्दी में राहत प्रदान करने के लिए स्वेटर वितरित कर जन्मोत्सव मनाया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य नन्दाराम मीना ने कहा कि पुण्य की जड सदा ही हरी रहती है। हर व्यक्ति को समय-समय पर ऐसे पुण्य तथा परोपकार के कार्य करते रहना चाहिए। इसके साथ ही प्रधानाचार्य ने दोनों पति-पत्नियों का माला साफा व शॉल उडाकर के सम्मान किया। इस अवसर पर पूर्व प्रधानाचार्य सीताराम मीणा, स्थानीय विद्यालय के प्रधानाध्यापक रामावतार, देशराज कसाना, सरोज कुमारी जाट आदि मौजूद थे।

श्याम चौधरी का स्वागत किया

श्रीमाधोपुर, (निसं)। विधानसभा क्षेत्र श्रीमाधोपुर की ग्राम पंचायत महरौली में भगुका वाली ढाणी में माधु सैनी के घर श्याम चौधरी पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा सीकर के पहुंचने पर गुरुवार को ढाणी निवासियों ने माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर गोपाल कुमावत,गोपाल सैनी, सिंभु दयाल सैनी, माधु सैनी, गिरधरी सैनी ,हनुमान , मदन ,सुवालाल सैनी ,कालू , तेजपाल , व बडे बुजुर्गों, युवा साथी व मातृशक्ति उपस्थित रहे। पूर्व जिलाध्यक्ष श्याम चौधरी ने कार्यक्रम में आए हुए ढाणी वासियों ,ग्राम वासियों, माताओं बहनों बड़े बुजुर्गों का तहे दिल से मान सम्मान देने के लिए आभार व्यक्त किया।

पंचायत समिति के कार्मिक अवकाश पर

सांभरझील, (निसं)। पंचायत समिति क्षेत्र के सभी मंत्रालयिक कार्मिक शुक्रवार को सामूहिक अवकाश पर रहेंगें। इस आशय की सूचना के लिए संघ की तरफ से विकास अधिकारी को ज्ञापन भी सौंपा गया। कार्मिकों ने बताया कि राजस्थान राज्य मंत्रालय कर्मचारी महासंघ के आ ान पर पंचायती राज कर्मचारी संगठन द्वारा समर्थन देने के लिए 3 फरवरी को जयपुर में बजट से पूर्व ध्यान आकर्षित करवाने के लिए रैली में शामिल होंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में ग्राम विकास अधिकारी रूप नारायण कुमावत, कार्मिक बाबूलाल मीणा ओम प्रकाश माली आदि की उपस्थिति रही।

विश्व आद्रता दिवस पर छात्रों को जागरूक किया

- वन विभाग द्वारा मोरेल बांध पर आयोजित जन जागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों, वन विभाग के कर्मचारियों ने भाग लिया

लालसोट, (निसं)। क्षेत्र के किसानों की लाइफ लाइन माने जाने वाले मोरेल बांध को जल्द ही पर्यटन हब के रूप में विकसित किए जाने की ओर कार्य किया जा रहा है। इसके लिए प्रशासनिक स्तर पर राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

विश्व वैटलैंड दिवस यानी विश्व आद्रता दिवस पर गुरुवार को वन विभाग द्वारा मोरेल बांध पर जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें स्कूल के विद्यार्थियों, वन विभाग के कर्मचारी जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता राजेश पायलट राजकीय महाविद्यालय के प्रोफेसर व पक्षी विषेषज्ञ डॉ. सुभाष पहाड़िया ने कहा कि वेटलैंड की पुनर्बहाली का यह सही समय है की हमें अपने प्राकृतिक संसाधनों को बचाने के लिए व्यक्तिश प्रयास करने होंगे। वेटलैंड लगातार खत्म होते जारहे है।

जैवविविधता को बचाने के लिए वेटलैंड को बाचाना आवश्यक हो गया है। उपवन सरक्षक केतन कुमार ने विद्यार्थियों को वेटलैंड की उपयोगिता संरक्षण हेतु की जानकारी प्रदान की गई। उपखंड अधिकारी लालसोट ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण हेतु अपनी भूमिका तथा अपने परिजनों को भी इसके लिए प्रेरित करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर विधार्थियों हेतु क्विज प्रतियोगिता रखी गई। जिसमे प्रथम द्वितीय व त्रितीय स्थान पर आने वाले स्कूली छात्र छात्राओं को परितोषिक दिया गया। पक्षी विशेषज्ञ डॉ सुभाष पहाड़िया के द्वारा विधार्थियों व उपस्थित लोगों को पक्षी अवलोकन करवाया व उनकी जानकारी दी गई।

पेंशनरों को सम्मानित किया

पावटा, (निसं)। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा देश भर में सभी शाखाओं में पेंशन सम्मान समारोह के तहत पावटा शाखा परिसर में गुरुवार को बैंक द्वारा पेंशनरों का क्षेत्रीय कार्यालय मुख्य प्रबंधक राकेश शर्मा के मुख्य आतिथ्य व पेंशनर समाज अध्यक्ष कैलाशचंद यादव व ओमप्रकाश सेन, प्रभातीलाल सराधना, मलखान सिंह, कैप्टन मनोहर सिंह आर्य, महेंद्र गोयल, विमल गर्ग, एडवोकेट कुलदीप पटेल, विजय कुमार अग्रवाल, सरदारमल, ओमप्रकाश स्वामी, रामनिवास स्वामी, ओमप्रकाश सैनी सहित पेंशनरों की उपस्थिति में एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें उपस्थित पेंशनरों को बैंक द्वारा सम्मानित किया गया।

समारोह की अध्यक्षता करते हुए पेंशनर समाज अध्यक्ष कैलाश चंद यादव ने समारोह की प्रशंसा करते हुए कहा कि बुजुर्गो का सम्मान करना न सिर्फ भारतीय संस्कृति में है बल्कि आगे आने वाले पीढी के लिए एक सीख है। इस कार्य के लिए उन्होंने शाखा प्रबंधक आशीष मीणा की भूरि-भूरि प्रशंसा की। सेंट्रल बैंक शाखा पावटा प्रबंधक आशीष मीणा ने बताया कि 444 दिन में एफबी पर सुपर सीनियर सिटीजन को 8.60 प्रतिशत व सीनियर सिटीजन को 8.10 प्रतिशत ब्याज दे रहा है। वर्तमान समय में सेंट्रल बैंक अन्य बैंकों की तुलना में सबसे ज्यादा ब्याज दे रहा है। सेंट्रल बैंक शाखा में मात्र 20 या 436 रुपए के सालाना प्रीमियम में 2 लाख बीमा सुविधा देने का अभियान चल रहा है। इसके अलावा बचत खाते में चालू खाते खुलवाने का अभियान भी चलाया जा रहा है।

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय कार्यालय मुख्य प्रबंधक राकेश शर्मा (बाएं) ने पेंशनरों को सम्मानित किया।

धर्मदासपुरी कॉलोनी वासियों का धरना समाप्त

चाकसू, (निसं)। पट्टे वितरण को लेकर कस्बे के नगर पालिका गेट पर पिछले तीन दिनों से अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे धर्मदासपुरी कॉलोनी निवासियों ने विधायक वेद प्रकाश सोलंकी के 8 फरवरी को पट्टे मिलने के आश्वासन के बाद धरना समाप्त कर दिया है।

गौरतलब है कि वार्ड 15 महिला पार्षद किरण सांवरिया एवं पूर्व पार्षद पवन सांवरिया के नेतृत्व में कॉलोनी के लोग पट्टा देने की मांग को लेकर 3 दिन से अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे थे। मामला संज्ञान में आने के बाद जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने पालिका अधिशासी अधिकारी जितेंद्र कुमार मीणा को तलब किया।

इसके बाद बुधवार को मामले को लेकर विधायक वेद प्रकाश सोलंकी, उपखंड अधिकारी अशोक कुमार रिणवा, तहसीलदार अजीत कुमार बुंदेला एवं पुलिस अधिकारियों के साथ धर्मदासपुरी कॉलोनी पहुंचे और मौके का जायजा लिया। मामला दो समुदायों में चल रहा था और इसे लेकर पालिका के 8 पार्षदों पालिका प्रशासन को अनापत्ति भी दी बताएं मामले को लेकर विधायक सोलंकी ने दोनों पक्षों की समझाइश कर आम रास्ते,पार्क जिन आवेदकों के पैसे जमा है उनका पट्टा, नवीन आवेदन प्रक्रिया शुरू करने सहित अन्य मामलों की सहमति बनाई इसके बाद शाम को 8 फरवरी को पट्टे देने का आश्वासन दे धरना समाप्त करवाया।

फल-सब्जी मंडी में भूखंड आवंटन हेतु लॉटरी निकाली

कोटपूतली, (निसं)। बानसूर रोड स्थित फल-सब्जी मंडी में द्वितीय चरण के भूखंड आवंटन हेतु गुरूवार को मंडी कार्यालय में लॉटरी निकाली गई।

जिसमें कृषक महिला विभिन्न वर्गो के लिए 8 भूखंड, पैक हाउस, ग्रामीण गोदाम व वन उपज के 1-1 भूखंड के लिए लॉटरी निकाली गई। उल्लेखनीय है कि फल-सब्जी मंडी में 42 भूखंडों का आवंटन विभिन्न श्रेणियों के लिए किया जाना था। जिसके लिए निर्धारित समय तक 327 आवेदकों ने अपने आवेदन जमा कराए थे। मंडी सचिव प्रीति शर्मा ने बताया कि सामान्य महिला वर्ग के लिए खुलने वाली लॉटरियों में चांवली देवी, मनोहरी देवी, मिश्रो देवी, कलावती देवी, भौती देवी व भंवरी देवी शामिल हैं। अनुसूचित जनजाति महिला वर्ग में मीना देवी, अनुसूचित जाति महिला वर्ग में सुमन देवी, पैक हाउस वर्ग में मूलचंद सैनी, ग्रामीण गोदाम में पूरणमल सैनी व वन उपज वर्ग में कैलाश चंद जाट शामिल हैं। मंडी सचिव शर्मा ने बताया कि शेष रहे भूखंडो का आवंटन आगामी बैठक में किया जाएगा।

नव मतदाताओं को प्रेरित किया

राजगढ़, (निसं)। भाजपा महिला मोर्चा की ओर से गुरुवार को मंडल थाना राजाजी में शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय नव मतदाता अभियान में शिविर लगा छात्राओं को जागरूक एवं मतदान के प्रति प्रेरित किया।महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष सुनीता सैनी के नेतृत्व में छात्राओं को आईडी के लिए मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया।

दो दिवसीय वार्षिक माघ मेला छह फरवरी से

खैरथल, (निसं)। समीपवर्ती गांव इस्माइलपुर में स्वामी वाधूराम दरबार में वार्षिक माघ का दो दिवसीय मेला छह फरवरी को प्रारंभ होगा।

दरबार के प्रमुख सेवादार घनश्याम सरपंच ने बताया कि दरबार के गादेश्वर संत शिरोमणि स्वामी कल्याण सांई की अगुवाई में भरने वाले इस मेले में छह फरवरी को सुबह 10 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। इसके बाद दोनों दिन अनवरत भंडारा और सत्संग व भजन कीर्तन जारी रहेगा। जबकि दूसरे दिन 7 फरवरी को सुबह 11 बजे पल्लव एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। मेले में आने आने के लिए खैरथल के झूलेलाल मंदिर पर निशुल्क बस सेवा उपलब्ध रहेगी। गौरतलब है कि इस मेले में राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र और दिल्ली व यूपी आदि स्थानों से बड़ी संख्या में अनुयाई व श्रद्धालु शामिल होने आते हैं जिन्हें रिसीव करने के लिए रेलवे स्टेशन पर सेवादार वाहनों सहित मौजूद रहते हैं।

उपखण्ड अधिकारी ने औचक निरीक्षण किया

चौमूं/कालाडेरा, (निसं)। चौमूं उपखण्ड अधिकारी प्रियवृत सिंह चारण ने गुरुवार को कालाडेरा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया।

अस्पताल प्रभारी डॉ. महेन्द्र यादव को अस्पताल परिसर में साफ-सफाई, पार्किंग व्यवस्था, फायर उपकरणों एवं चिकित्सा सेवाओं को दुरुस्त करने हेतु निर्देशित किया। चिरंजीवी योजना, दवा वितरण केन्द्र सहित अस्पताल में चल रहे भवन कार्यों का निरीक्षण कर अस्पताल प्रशासन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके बाद कस्बे के बस स्टैंड पर स्थित चांद देवी सहरिया राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय व संस्कृत विद्यालय का निरीक्षण किया व राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजना बाल गोपाल योजना के प्रभावी निरीक्षण एवं मॉनिटरिंग हेतु राजकीय विद्यालयों के प्रधानाचार्य को निर्देशित किया। साथ ही ग्राम पंचायत के राजीव गांधी सेवा केन्द्र पर संचालित ई मित्र सेंटर का औचक निरीक्षण किया गया। ई मित्र सेवा केन्द्र मंगलम कंप्यूटर पर निरीक्षण के दौरान राज्य सरकार के द्वारा निर्धारित शुल्क से ज्यादा लेने पर सात दिन के लिए सेवा को निलंबित करने के आदेश दिये।

सेवानिवृत पांच बी.एस.एफ. के जवानों का सर्व समाज ने स्वागत किया

- सौ से अधिक स्थानों पर स्वागत कर पहनाई राजस्थानी पगड़ी

मालपुरा, (निसं)। दिल में देशभक्ति का जज्बा लिये 21 वर्ष 1 माह व 22 दिन बॉर्डर सिक्योरिटी फॉर्स में कार्यरत रहते हुए भारत मां की सेवा कर सेवानिवृत हो गुरूवार को मालपुरा लौटे पांच बीएसएफ के जवानों के स्वागत में लोगों में होड सी मच गई।

हाथों में तिरंगा व राजस्थानी पगड़ी एवं माला ले हजारों की भीड़ जवानों के स्वागत के लिए शहर की सीमा फलौदी बालाजी पहुंची। बालाजी मंदिर में दर्शन व पूजा अर्चना के पश्चात खुली जीप में सवार पांचों जवानों के साथ शुरू हुआ जूलूस शहर के मुख्य मार्गों से होकर गुजरा। पूर्व सैनिक आदर्श कल्याण संस्थान सहित विश्व हिन्दु परिषद, बजरंग दल, विप्र फाउण्डेशन, राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ सहित कई सामाजिक व समाजसेवी संगठनों के साथ-साथ सर्व समाज के लोगों ने बीएसएफ के जवानों का सौ से अधिक स्थानों पर पुष्पवर्षा से स्वागत कर वंदे मातरम व भारत माता की जय के नारे लगा 111 राजस्थानी पगड़ियां पहना ऐतिहासिक स्वागत किया गया।

मालपुरा निवासी भारतीय सेना के जवान राजाराम शर्मा, अजमेरो की ढाणी निवासी अम्बालाल सैनी, डिग्गी नुक्कड निवासी रामकृष्ण जाट, गनवर निवासी रामकिशोर पांडेय व सुरसागर निवासी चिरंजीलाल शर्मा बीएसएफ में हवलदार के पद पर कार्यरत रहते हुए अपने परिवार से ज्यादा भारत माता की सेवा को सर्वोपरि मान अपनी राजकीय सेवा पूर्ण कर लौटने पर स्वागत में बड़ी संख्या में महिलाएं भी मौजूद रही। मुस्लिम समाज के पूर्व सैनिकों सहित युवाओं ने भी जवानों को पगड़ी पहना स्वागत किया।

सेवानिवृत हो मालपुरा लौटे पांच बीएसएफ के जवानों का खुली गाड़ी में जुलूस निकाला।

एक्सप्रेस-वे लोकार्पण की तैयारी बैठक

लालसोट, (निसं)। प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं की शहर की बड़ाया धर्मशाला में गुरूवार को बैठक आयोजित की गई। इस तैयारी बैठक के दौरान भाजपाइयों ने सर्वसम्मति से पीएम की सभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए कई निर्णय लिए। बैठक में बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित 12 फरवरी को दिल्ली मुम्बई एक्सप्रेस हाईवे का उद्घाटन समारोह आयोजित होना है। जिसको लेकर प्रदेश नेतृत्व के आव्हान पर बूथ स्तर पर भाजपा कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी जा रही है। अधिक से अधिक संख्या में लोगों को प्रधानमंत्री की सभा स्थल तक पहुंचाने और वापिसी की व्यवस्था सुव्यस्थित तरीके से वाहनों की भी व्यवस्था की जायेगी। भाजपा नेता रामबिलास डूंगरपुर ने भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक में आव्हान करते हुए कहा कि दौसा जिले की सभी विधानसभाओं से ज्यादा से ज्यादा संख्या लालसोट विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की होनी चाहिए।

नम्बर मिलाइए 9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

खोया पाया

मेरे प्लाट नं. 64, मां भवानी नगर विस्तार आगरा रोड, जयपुर के मूल कागजात, आवंटन पत्र, साईट प्लान तथा रसीद कहीं गुम हो गई है। मिलने पर सूचित करें। रामकुमार खुराना, 67, गुरूनानकपुरा, राजापार्क, जयपुर। मोबाईल-9929606010

मेरे अम्बेडकर नगर करतारपुरा बी-30, के मुल बटवारा नामा व बकसीस नामा जो कि मेरे पति स्व. श्रीनारायण के नाम से थे विधान सभा से जेडीए ऑफिस के बीच गिर गये, मिलने पर सूचित करें। छोटा देवी-9352388555

नाम परिवर्तन

मैंने अपनी पुत्री का नाम लोविश्का वशिष्ठा से बदलकर लावण्या वशिष्ठ पुत्री भास्कर वशिष्ठ रख लिया है भविष्य में इसे इसी नाम से जाना जावें। निवासी ई-351, बैंक कॉलोनी, गर्वमेंट स्कूल के पास, मुरलीपुरा, जयपुर

In Army Service record my son's name Kendre Prathik Ganesh is wrongly recorded. Correct is Pratik Ganesh Kendre. In Future known as Pratik Ganesh Kendre S/o Army No. 15170083P L/Hav. Kendre Ganesh Rao R/o Vill-Malihapparga, Jalkot, Latur, Maharashtra-413532

I Shobha Devi W/o No. D13874645 Ex Rect. Rajinder Singh R/o 16, Kailash Nagar, Jhotwara, Jaipur Rajasthan 302012, In Service record my Name Sahbo is wrongly recorded. Correct is Shobha Devi Vide affidavit dated 31.01.2023 Jaipur Court.

राजस्थान सरकार
न्यायालय उप तहीलदार, बगरू जिला-जयपुर (राज.)
क्रमांक भू.अ./023/168 दिनांक-02.02.2023
विज्ञप्ति सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम कलवाडा के खसरा नम्बर 1019, 1020 कुल किता 2 कुल रकबा 21.8900 हैक्टेयर में हिस्सा 1/4 में मृतक खातेदार गणपत सिंह पुत्र ठाकुर जयसिंह जाति राजपूत सा. ग्राम कलवाडा तह. सांगानेर का वसीयत का नामान्तरण भू-राजस्व एक्ट की धारा 135(2) में विचाराधीन हैं। यदि किसी व्यक्ति या सम्बन्धित को इस वसीयत के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन की तिथि के सात दिवस के मियाद अन्दर इस न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा प्रकरण का निस्तारण नियमानुसार कर दिया जायेगा।
उप तहसीलदार, बगरू जिला-जयपुर

राजस्थान आवासन मण्डल, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांकः- 15085 जाहिर आम सूचना दिनांकः 2/2/23
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर योजना में आवास संख्या 70/108 (EWS) (एरिया 36.00 वर्गमीटर) का आवंटन श्री प्रभाती लाल मीणा पुत्र श्री सुजीलाल मीणा को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 888 दिनांक 22.11.1993 के द्वारा जारी किया गया था। श्री प्रभाती लाल मीणा द्वारा श्री जगदीश छीपा पुत्र श्री लड्डूलाल छीपा को दिनांक 07.04.2007 को मुख्तारनामा आम धारक नियुक्त किया गया। श्री जगदीश छीपा के द्वारा मुख्तारनामा आम की हैसियत से श्री प्रभाती लाल मीणा के पक्ष में पंजीयन प्रपत्र उप पंजीयक, सांगानेर-प्रथम, जयपुर के यहाँ दिनांक 07.04.2007 को पंजीकृत करवाये गये। श्री जगदीश छीपा द्वारा मुख्तारआम की हैसियत से उक्त आवास को श्रीमती रतन देवी पत्नी स्व. श्री लाडूलाल जैन को विक्रय कर इनके पक्ष में विक्रय पत्र दिनांक 01.08.2007 को उप पंजीयक सांगानेर-प्रथम, जयपुर में पंजीकृत करवाया गया। श्रीमती रतन देवी द्वारा उक्त आवास को श्रीमती सन्तोष जैन पत्नी श्री पवन जैन को वसीयत नामा कर इनके पक्ष में वसीयत नामा पत्र दिनांक 31.12.2007 कुमार को उप पंजीयक - जयपुर- अष्टम में पंजीकृत करवाया गया। श्रीमती रतन देवी का देहान्त दिनांक 25.01.2010 को होने के पश्चात पंजीकृत वसीयत के आधार पर श्रीमती सन्तोष जैन द्वारा उक्त आवास को श्रीमती राजकुमारी पत्नी श्री सज्जन सिंह को विक्रय कर इनके पक्ष में विक्रय पत्र दिनांक 11.04.2011 को उप पंजीयक- जयपुर - अष्टम में पंजीकृत करवाया गया। श्रीमती राजकुमारी द्वारा उक्त आवास को सुश्री ज्योति राठौड पुत्री श्री सज्जन सिंह को उपहार कर इनके पक्ष में उपहार पत्र दिनांक 09.10.2021 को सब रजिस्ट्रार जयपुर- पंचम में पंजीकृत करवाया गया। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए कि इस मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, सुश्री ज्योति राठौड पुत्री श्री सज्जन सिंह का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा। सम्पदा प्रबन्धक, वृत प्रथम, जयपुर

विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
न्यायालय अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश (वरिष्ठ खण्ड) झुन्झुनू।
वादी- लक्ष्मणसिंह विरूद्ध मदन सिंह वगैरह
दावा स्थाई निषेधाज्ञा
वाद सं. 36/2016 (बी.टी. 150/2019
सी.आई.सं. नं. 159/2019)
प्रेषित
मदन सिंह पुत्र स्व. किशन सिंह जाति राजपूत निवासी चींचडौली तहसील व जिला झुन्झुनू हाल प्रेम नगर ब्लॉक नं. 8 लोटस भवन के पास, 17 नम्बर प्राईवेट बस स्टेण्ड से आगे जयपुर
वादी लक्ष्मण सिंह ने आपके विरुद्ध दावा स्थाई निषेधाज्ञा का पेश किया है। वाद के लिए संस्थित किया है आपको इस न्यायालय में तारीख 06.02.2023 को दिन में 10.30 ए.एम. बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात होने के लिये समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिए गये हों और जो वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेशकर जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुरजाई का दावा या प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो या न हो अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन मे साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसे दस्तावेजों को लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।
यह कि आज तारीख 03.01.2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
मोहर अदालत
वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट झुन्झुनूं (राज.)

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 12/2023
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि श्रीमती लूसी थामस पत्नी स्व. श्री थामस कलापुराकल निवासी प्लाट नं. एफ-144, राम नगर विस्तार, सोडाला, सांगानेर रोड के पास, श्याम नगर, जयपुर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत जेकेआईएलएस फाउण्डेशन, प्लाट नं. एफ-144, राम नगर विस्तार, सोडाला, सांगानेर रोड के पास, श्याम नगर, जयपुर प्रन्यास के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 24.01.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइन्दा तारीख पेशी 31.03.2023
मोहर अदालत
रतनलाल योगी (आर.ए.एस.)
सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग, जयपुर

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 15/2023
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि महन्त माणक नाथ जी पुत्र श्री विश्वेश्वर नाथ निवासी 146 ख 1 गुर्जरों की ढाणी, वार्ड नं. 32, सांगानेर जिला जयपुर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत श्री गोरखनाथ आश्रम भृतहरी बगीची ट्रस्ट, भृतहरी की बगीची पी.जी. कॉलेज के पास, सेक्टर-8, हल्दी घाटी रोड, प्रताप नगर जयपुर प्रन्यास के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 24.01.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइन्दा तारीख पेशी 03.04.2023
मोहर अदालत
रतनलाल योगी (आर.ए.एस.)
सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग, जयपुर